पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

## देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका, राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों के योगदान से सभी अवगत

**लखनऊ : 30 जून, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

आज यहां जारी एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 01 जुलाई को महान चिकित्सक, प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी एवं राजनेता डॉ0 बी0सी0 रॉय की जयन्ती एवं पुण्य तिथि पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनायी जाती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों के योगदान से सभी अवगत हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस चिकित्सकों द्वारा की जा रही समाज सेवा के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है।

--------

***PN-CM-Greetings-National Doctor's Day-30 June, 2025***